# ट्रक और अन्य गाड़ियों से बरामद शराब निकली नकली



Publish Date:Fri, 25 Sep 2020 05:13 AM (IST)Author: **Jagran**

*बहेड़ी के झरबरिया रामनगर नरसर से सोमवार की रात एक ट्रक तीन पिकअप वैन एक सवारी गाड़ी और एक कार से बरामद की गई 3354 लीटर शराब नकली पाई गई है।*

दरभंगा। बहेड़ी के झरबरिया रामनगर नरसर से सोमवार की रात एक ट्रक, तीन पिकअप वैन, एक सवारी गाड़ी और एक कार से बरामद की गई 3354 लीटर शराब नकली पाई गई है। सभी बोतलों पर पंजाब, अरूणांचल प्रदेश और मुंबई का नकली स्टीकर लगा पाया गया है। पुलिस ने शराब के नमूने को जांच के लिए लैब भेज दिया है। मामले को लेकर पुलिस ने दो दर्जन से ऊपर कारोबारियों को चिन्हित कर आरोपित बनाया है। मौके से पकड़े गए बंहूडली निवासी अमरजीत मंडल उर्फ मच्छर सिंह की निशानदेही पर छापेमारी तेज कर दी गई है। वह मौके से शराब लदी कार लेकर फरार हो रहा था। जिसे खदेड़ कर दबोच लिया गया। हालांकि, शेष आरोपितों ने पुलिस को चकमा देने में कामयाब हो गए । अनुसंधान में पता चला कि समस्तीपुर जिले के खानपुर निवासी अमरेश साह और विपिन कुमार शराब का थौक कारोबारी है। तीन दिन पूर्व इन लोगों का एक ट्रक शराब समस्तीपुर में पकड़ा गया था। अनुसंधान के तहत अमरेश साह और विपिन कुमार के अलावा समस्तीपुर के सिधिया थाने के फुलहारा निवासी पंकज महतो, बहेड़ी के राजेश पंजियार, विजय सिंह, विद्याशंकर यादव, दयाशंकर यादव, ट्रक चालक व राजस्थान निवासी कुलदीप कुमार सहित दो दर्जन लोगों को आरोपित कर गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है। पुलिस ने मौके से सात बाइक भी जब्त किया था। इसमें कारोबारी पंकज महतो, राजेश पंजियार और विद्याशंकर यादव की एक-एक बाइक शामिल है। सभी जब्त वाहनों के मालिकों और चालकों को भी आरोपितों में शामिल किया गया है।

Source: https://www.jagran.com/bihar/darbhanga-alcohol-recovered-from-truck-and-other-vehicles-turned-out-to-be-fake-20793003.html